# 1 राजस्थान के दुर्ग

1. ''मैंने इतना मजबूत व सुरक्षित किला पूरे हिन्दूस्तान में कहीं नहीं देखा।'' तैमूर ने अपनी आत्मकथा 'तुजुक ए तैमूरी' में ये पंक्तियाँ राजस्थान के किस दुर्ग के लिए कही गई है ?
(1) भटनेर का दुर्ग (2) चित्तौड़गढ़ का दुर्ग
(3) रणथम्भौर का दुर्ग (4) मेहरानगढ़ (1)

**व्याख्या–** तैमूर लंग ने 1398 ई. में भटनेर पर आक्रमण किया था, उस समय हिन्दू महिलाओं के साथ मुस्लिम महिलाओं ने जौहर किया था।

2. कटारगढ़ किस किले में स्थित है
(1) कुंभलगढ (2) चितौड़गढ़ (3) मेहरानगढ़ (4) तारागढ़ (1)

**व्याख्या–** कटारगढ़ नामक अन्तःदुर्ग कुम्भलगढ़ किले में सबसे ऊपरी भाग में एक पहाड़ी पर स्थित है, बादल महल इसी का एक भाग है।

3. निम्न में से कौनसा भवन चितौड़गढ़ किले में स्थित नहीं है–
(1) नवलखा भंडार (2) शृंगार चंवरी
(3) सतबीस देवरी (4) चोखेलाव महल (4)

**व्याख्या–** चोखेलाव महल जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में स्थित है।

4. राजस्थान के किस किले में स्थित माधवेन्द्र भवन में 'स्कल्पचर पार्क' बना है?
(1) आमेर का किला (2) नाहरगढ़ किला
(3) जयगढ़ किला (4) अलवर का किला (2)

**व्याख्या–** नाहरगढ़ किले में स्थित माधवेन्द्र भवन में 'स्कल्पचर पार्क' बना है, जिसमें पत्थर से बनी विभिन्न कलाकृतियाँ दर्शनीय हैं।

5. माधोराजपूरा का किला किस जिले में स्थित है?
(1) जयपुर (2) अलवर (3) दौसा (4) भरतपुर (1)

6. महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश संग्रहालय किस दुर्ग में है?
(1) चितौड़गढ़ (2) मेहरानगढ़
(3) कुंभलगढ़ (4) जालौर दुर्ग (2)

7. निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिये –

| किला | पहाड़ी |
|---|---|
| (क) सोनारगढ़ | 1. मेसा पठार |
| (ख) मेहरानगढ़ | 2. त्रिकूट पहाड़ी |
| (ग) तारागढ़ | 3. चिड़ियाटूंक पहाड़ी |
| (घ) चित्तौड़गढ़ | 4. बीठली पहाड़ी |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (2) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (3) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

(2)

8. किस किले के संबंध में कहा जाता है कि 'इसका निर्माण फरिश्ते, परियों और देवताओं की करामात है।'–
(1) मेहरानगढ़ (2) तारागढ़
(3) नागौर का किला (4) भटनेर का किला (1)

**व्याख्या–** प्रसिद्ध विदेशी लेखक रूडयार्ड किपलिंग ने लिखा है कि ''इस दुर्ग का निर्माण परियों और देवताओं द्वारा किया गया है।''

9. महमूद खिलजी प्रथम ने राजस्थान के किस किले में एक कोट का निर्माण करवा कर उसका नाम मुस्तफाबाद रखा था ?
(1) गागरोन दुर्ग (2) रणथम्भौर किला
(3) धौलपुर का किला (4) सिवाणा का किला (1)

10. नाहरगढ़ दुर्ग में एक जैसे नो महलों का निर्माण किसने करवाया था ?
(1) सवाई जयसिंह (2) मिर्जा राजा जयसिंह
(3) ईश्वरी सिंह (4) माधोसिंह द्वितीय (4)

**व्याख्या–** जयपुर के शासक सवाई माधोसिंह द्वितीय ने अपनी 9 रानियों के नाम पर नाहरगढ़ किले में एक जैसे 9 महलों का निर्माण करवाया, जो 'माधवेन्द्र भवन' कहलाता है।

11. 1832 ई. में लार्ड विलियम बैंटिक ने जब इस किले को देखा, तो उनके मुँह से निकल पड़ा ''ओह दुनिया का दूसरा जिब्राल्टर''। यह कथन किस किले के बारे में कहा था?
(1) आमेर का किला (2) तारागढ़ दुर्ग
(3) चितौड़गढ़ (4) रणथम्भौर (2)

**व्याख्या–** राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति, कक्षा 9 (माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर) के अनुसार तारागढ़ दुर्ग (अजमेर) को 1832 ई. में भारत के गर्वनर जनरल विलियम बैंटिक ने देखा तो उनके मुँह से निकल पड़ा ''ओह, दुनियाँ का दूसरा जिब्राल्टर''।

12. राजस्थान के किस किले में अकबर ने अपने पुत्र सलीम को 3 साल नजरबंद रखा था ?
(1) अलवर किला (2) जयगढ़
(3) बयाना दुर्ग (4) मांडलगढ़ दुर्ग (1)

13. आमेर किले की किस ईमारत पर 1 जनवरी 2017 को डाकटिकट जारी किया गया है ?
(1) दीवाने–आम (2) दीवाने–खास
(3) कदमी महल (4) गणेशपोल (4)

**व्याख्या–** आमेर किले में दीवान–ए–आम से दीवान–ए–खास की तरफ जाने के लिए एक खूबसुरत प्रवेश द्वार 'गणेशपोल' बना है, इस प्रवेश द्वार पर 1 जनवरी 2017 को 25 रुपए का डाकटिकट जारी किया गया।

14. जैसलमेर किले के बारे में कौनसा कथन असत्य है ?
(1) इसका दोहरा परकोटा 'जालिमकोट' कहलाता है।
(2) यहाँ पर 'जिनभद्र सूरी ग्रन्थ भंडार' स्थित है।
(3) 2013 में इसे विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है।
(4) यह किला अपने अढ़ाई साकों के लिए प्रसिद्ध है। (1)

**व्याख्या–** जैसलमेर किले का दोहरा परकोटा 'कमरकोट' कहलाता है। जबकि गागरोन के किले में झाला जालिम सिंह द्वारा निर्मित विशाल परकोटे को 'जालिमकोट' कहा जाता है।

15. जयपुर के नाहरगढ किले के बारे में कौनसा कथन असत्य है ?
(1) यहीं पर रसकपूर को कैद करके रखा गया था।
(2) इसे 'जयपुर की तरफ झांकता किला' कहा जाता है।
(3) सवाई माधोसिंह द्वितीय ने यहाँ एक जैसे 9 महलों का निर्माण करवाया था।
(4) 2013 में इसे विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। (4)

**व्याख्या–** ध्यान रहे नाहरगढ़ किला विश्व धरोहर की सूची में शामिल नहीं है।

16. अजमेर के तारागढ़ किले के बारे में कौनसा कथन असत्य है ?
(1) इसमें रूठी रानी की छतरी बनी है।
(2) इसे 'पूर्व का दूसरा जिब्राल्टर' कहा जाता है।
(3) चौहान शासक अजयराज ने इसे 1155 ई में बनवाया था।
(4) इसमें मीरान साहब की दरगाह बनी है। (3)

**व्याख्या–** अजमेर के तारागढ़ किले का निर्माण चौहान शासक अजयराज ने 1113 ई. में बिठली पहाड़ी पर करवाया था। सुजस के अनुसार डॉ. हरविलास शारदा सहित कुछ इतिहासकार इसका निर्माण 7वीं शताब्दी में चौहान शासक अजयपाल द्वारा करवाया जाना मानते हैं।

17. निम्न में से कौनसा दुर्ग महाराणा कुंभा द्वारा निर्मित नहीं है ?
(1) मांडलगढ़ (2) बसंतगढ़
(3) अचलगढ़ (4) सोजत का किला (4)

**व्याख्या–** सोजत के किले का निर्माण राव जोधा के पुत्र राव निम्बा द्वारा 1460 ई. में करवाया था। जोधपुर री ख्यात के अनुसार मालदेव ने इसका पुनर्निर्माण करवाया था।

18. कौनसा किला 'जागीरी किलों का सिरमौर' कहलाता है ?
(1) कुचामन का किला (2) डीडवाना का किला
(3) नागौर का किला (4) मेड़ता का किला (1)

19. सर्वाधिक देशी आक्रमण झेलने वाला राजस्थान का कौनसा किला है?
(1) भरतपुर का किला (2) तारागढ़, अजमेर
(3) कोटा किला (4) नागौर किला (2)

20. निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिये–

| उपनाम | दुर्ग |
|---|---|
| (क) दक्खिन का द्वार गढ़ | 1. सज्जनगढ़ किला |
| (ख) डोडगढ़ | 2. चौमू का किला |
| (ग) धाराधारगढ़ | 3. गागरोन का दुर्ग |
| (घ) मेवाड़ का मुकुटमणि | 4. शेरगढ़ (धौलपुर) |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (2) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (3) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (4) | 1 | 4 | 3 | 2 |

(1)

21. कांकणवाड़ी/कांकवाड़ी किला जहाँ औरंगजेब ने अपने भाई दाराशिकोह को कैद करके रखा था, कहाँ है –
(1) अलवर (2) बूँदी
(3) बारां (4) अजमेर (1)

22. किस किले का निर्माण सवाई जयसिंह ने अकाल राहत कार्य के रूप में करवाया था?
(1) तिजारा का किला (2) केशरोली का किला
(3) नीमराना का किला (4) कांकवाड़ी किला (4)

23. पूर्णतः मुस्लिम शैली में बना राजस्थान का एकमात्र किला कौनसा है?
(1) मांडलगढ़ (2) तारागढ़, बूँदी
(3) अचलगढ़ (4) अकबर का किला (4)

24. घुंघट, गुगड़ी, बांदरा, इमली व खिड़की नाम की बुर्जे किस किले में बनी है?
(1) कुंभलगढ़ (2) तारागढ़ (अजमेर)
(3) चित्तौड़गढ़ (4) नाहरगढ़ (2)

**व्याख्या–** तारागढ किले में 14 विशाल बुर्जे बनी हैं, जिनमें घूंघट बुर्ज, गुगड़ी बुर्ज, फुटी बुर्ज, बांदरा बुर्ज, इमली बुर्ज, खिड़की बुर्ज, फतेह बुर्ज, नगारची बुर्ज व शृंगार चंवरी बुर्ज .......आदि हैं।

25. किस किले का मुख्य द्वार जहाँगीर दरवाजा के नाम से जाना जाता है?
(1) मांडलगढ़ (2) तारागढ़, अजमेर
(3) मैगजीन दुर्ग (4) नागौर किला (3)

26. ''दीवारों के भी कान होते हैं, पर ..........किले के महलों की दीवारें तो बोलती हैं'' पं. दीनानाथ शर्मा ने यह कथन किस किले के बारे में कहा था ?
(1) कुंभलगढ़ (2) जूनागढ़
(3) चित्तौड़गढ़ (4) आमेर किला (2)

27. किसे 'भारतीय मूर्तिकला का विश्वकोष' कहा जाता है?
(1) कीर्तिस्तम्भ (2) विजयस्तम्भ
(3) सरगासूली (4) एक प्रहरी मीनार (2)

28. निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिये–

| पहाड़ी | दुर्ग |
|---|---|
| (क) भामती पहाड़ी | 1. आमेर का किला |
| (ख) देवगिरी पहाड़ी | 2. जालौर का किला |
| (ग) कनकाचल | 3. दौसा का किला |
| (घ) कालीखोह | 4. शाहबाद किला |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (2) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (3) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (4) | 1 | 4 | 3 | 2 |

(1)

29. कौनसा किला 'नाथों का दुर्ग' कहलाता है?
(1) जालौर किला (2) सिवाणा किला
(3) कोटकाश्तां दुर्ग (4) भाद्राजूण किला (3)

**व्याख्या–** यह किला नाथ सम्प्रदाय के साधुओं की तपोस्थली होने के कारण इसे 'नाथों का दुर्ग' कहते हैं।

30. किस किले को 'उत्तरी प्रवेश द्वार का रक्षक' कहा जाता है?
(1) मेहरानगढ़ (2) जूनागढ़
(3) सोनारगढ़ (4) भटनेर दुर्ग (4)

31. दुर्गों की संख्या की दृष्टि से भारत में राजस्थान का कौनसा स्थान है?
(1) प्रथम (2) द्वितीय
(3) तृत्तीय (4) चतुर्थ (3)

**व्याख्या–** भारत में सर्वाधिक दुर्ग महाराष्ट्र में हैं। द्वितीय स्थान पर मध्यप्रदेश राज्य है। दुर्गों की संख्या की दृष्टि से राजस्थान का तीसरा स्थान है।

32. राजस्थान में दुर्गों के स्थापत्य के विकास का प्रथम उदाहरण कहाँ पर मिलता है?
(1) आहड़ (2) कालीबंगा
(3) गणेश्वर (4) बैराठ (2)

33. राजस्थान में सर्वाधिक किले किस जिले में हैं?
(1) जोधपुर (2) उदयपुर
(3) चितौड़गढ़ (4) जयपुर (4)

34. चितौड़ किले का पुन: निर्माण किस मेवाड़ शासक ने करवाया था।
(1) रावल जैत्रसिंह (2) महाराणा उदयसिंह
(3) महाराणा कुम्भा (4) महाराणा हम्मीर (3)

35. दशरथ शर्मा ने चित्तौड़ किले का प्रथम विजेता किसे माना है?
(1) रावल खुमाण (2) बप्पा रावल
(3) रावल जैत्रसिंह (4) राणा हम्मीर (3)

**व्याख्या–** राजप्रशस्ति के अनुसार 734 ई. में बप्पा रावल ने मानमोरी को हराकर चित्तौड़गढ़ पर अधिकार किया था। लेकिन दशरथ शर्मा ने जैत्रसिंह को चित्तौड़ किले का प्रथम विजेता माना है।

36. कौनसा किला 'राजस्थान का गौरव' कहलाता है?
(1) चित्तौड़गढ़ किला (2) जूनागढ़
(3) मेहरानगढ़ (4) कुम्भलगढ़ किला (1)

37. गढ़ तो गढ़ ................., बाकी सब गढ़ैया। यह उक्ति किस किले के बारे में प्रसिद्ध है?
(1) कुम्भलगढ़ (2) मेहरानगढ़
(3) तारागढ़ (4) चित्तौड़गढ़ (4)

38. नाहरगढ़ किले का निर्माण किसने करवाया था?
(1) सवाई जयसिंह (2) मानसिंह प्रथम
(3) मिर्जा राजा जयसिंह (4) माधोसिंह द्वितीय (1)

**व्याख्या–** सवाई जयसिंह ने 1734 ई. में मराठों से सुरक्षा हेतु इस किले का निर्माण करवाया था।

39. 'मेवाड़ का काला पानी' किस किले का कहा जाता है?
(1) सज्जनगढ़ (2) ऊँटाला का किला
(3) कुम्भलगढ़ (4) सराड़ा का किला (4)

40. जानागढ़ किला कहाँ पर स्थित है?
(1) उदयपुर (2) प्रतापगढ़
(3) राजसमंद (4) चित्तौड़गढ़ (2)

41. राजस्थान के किस किले में प्रसिद्ध 'जैन कीर्ति स्तम्भ' बना है?
(1) कुंभलगढ़ (2) जूनागढ़
(3) चितौड़गढ़ (4) आमेर किला (3)

**व्याख्या–** चित्तौड़ किले में स्थित 'जैन कीर्ति स्तम्भ' आदिनाथ को समर्पित एक 75 फिट ऊँचा व 6 मंजिला स्तम्भ है।

42. मुगल बादशाह अकबर ने राजस्थान का कौनसा किला बीकानेर के पृथ्वीराज राठौड़ को सौंपा था?
(1) मांडलगढ़ (2) गागरोन का किला
(3) चितौड़गढ किला (4) बूँदी का किला (2)

**व्याख्या–** पृथ्वीराज राठौड़ ने अपनी पुस्तक 'वेलि क्रिसन रूकमणी री' की रचना इसी किले में की थी।

43. राजस्थान के किस किले का आकार 'व्हेल मछली' जैसा है?
(1) चितौड़गढ़ किला (2) भैंसरोड़गढ़
(3) रणथम्भौर दुर्ग (4) बूँदी का किला (1)

44. प्रसिद्ध इतिहासकार हरविलास शारदा ने किस किले को महाराणा कुम्भा की 'सैनिक मेधा का प्रतीक' बताया है?
(1) चितौड़गढ़ किला (2) कुम्भलगढ़
(3) बसंतगढ़ किला (4) अचलगढ़ (2)

45. कौनसे किले में प्रसिद्ध गर्भगुंजन तोप रखी है?
(1) बूंदी का किला (2) जैसलमेर का किला
(3) रणथम्भौर दुर्ग (4) गागरोन का किला (1)

46. किस किले की प्राचीर को 'भारत की महान दीवार' कहा जाता है?
(1) आमेर का किला (2) कुम्भलगढ़ किला
(3) रणथम्भौर दुर्ग (4) चित्तौड़गढ़ किला (2)

**व्याख्या–** कुम्भलगढ़ किले की दीवार को भारत की सबसे बड़ी प्राचीर कहा जाता है। यह 36 किमी. लंबी है। इसके परकोटे की दीवार इतनी चौड़ी है कि इस पर एक साथ 8 घुड़सवार चल सकते है।

47. परवन व कालीखाड़ नदियों के संगम के पास कौनसा किला स्थित है?
(1) गागरोन का किला
(2) शाहबाद किला, बारां
(3) शेरगढ़ किला, बारां
(4) मनोहरथाना किला, झालावाड़ (4)

48. "..........के सुनसान परित्यक्त किले में विचरण करते समय मुझे ऐसा लगता है, मानों मै किसी भीमकाय जहाज की छत पर चल रहा हूँ" ह्यून केसन का यह कथन राजस्थान के किस किले के बारे में है?
(1) कुम्भलगढ़ (2) चितौड़गढ किला
(3) रणथम्भौर दुर्ग (4) मेहरानगढ़ (2)

49. चित्तौड़ किले में स्थित विजय स्तम्भ का निर्माण महाराणा कुम्भा ने अपनी किस विजय के उपलक्ष्य में करवाया था?
(1) सारंगपुर युद्ध (2) चम्पानेर का युद्ध
(3) बदनौर का युद्ध (4) कुम्भलगढ़ का युद्ध (1)

**व्याख्या–**महाराणा कुम्भा ने 1437 ई. में सारंगपुर के युद्ध में मालवा के शासक महमूद खिलजी प्रथम को हराया था।

50. चित्तौड़गढ़ दुर्ग का आधुनिक निर्माता किसे कहा जाता है?
(1) राणा हम्मीर (2) महाराणा कुम्भा
(3) बप्पा रावल (4) महाराणा राजसिंह (2)

**व्याख्या–** महाराणा कुम्भा ने चित्तौड़गढ़ दुर्ग का जीर्णोद्धार करवाया, रथ मार्ग बनवाया, सातों प्रवेश द्वार, विजय स्तम्भ, कुम्भश्याम मंदिर, कुम्भा के महल व श्रृंगार चंवरी का निर्माण करवाया था। चित्तौड़ किले के विस्तार एवं परिवर्द्धन का श्रेय महाराणा कुम्भा को है।

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा- 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें-







**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**